परीक्षा की शुचिता, सुरक्षा और सुचारु संचालन सर्वोच्च प्राथमिकता योगी

25 अक्टूबर, 30 अक्टूबर और 1 नवंबर को 60 जनपदों के 1,372 केंद्रों पर होगी पीईटी, 35.41 लाख से अधिक अभ्यर्थी होंगे सम्मिलित

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) द्वारा आयोजित प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2026 की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा की शुचिता, पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के साथ अभ्यर्थियों की सुविधा, सुरक्षा और सुगम आवागमन के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए जाएं। महिला अभ्यर्थियों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री ने पुलिस तंत्र को सक्रिय रखते हुए परीक्षा के संबंध में सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाली भ्रामक सूचनाओं और अफवाहों पर सतर्क दृष्टि रखने तथा ऐसे मामलों में नियमानुसार कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि पीईटी-2026 का आयोजन 25 अक्टूबर, 30 अक्टूबर और 1 नवंबर को कुल छह पालियों में किया जाएगा। परीक्षा के लिए प्रदेश के 60 जनपदों में 1,372 केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जहां कुल 35,41,297 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। प्रत्येक पाली में 5,90,217 अभ्यर्थियों के लिए व्यवस्था की गई है। आगरा, अलीगढ़, झांसी, गोरखपुर, गाजियाबाद, लखनऊ, मेरठ, मुरादाबाद और प्रयागराज



सहित नौ जनपदों में प्रत्येक पाली में 15 हजार से अधिक अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा की निगरानी के लिए आयोग मुख्यालय में कमांड कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। इसके माध्यम से सभी परीक्षा केंद्रों की कैमरों के जरिए लाइव निगरानी की जा रही है। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों पर सेक्टर एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती और संबंधित कार्मिकों का समुचित प्रशिक्षण सुनिश्चित किया जाए। रेलवे स्टेशनों, बस अड्डों, प्रमुख मार्गों, होटलों, धर्मशालाओं और रैन बसेरों पर अभ्यर्थियों, विशेषकर महिला अभ्यर्थियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए आवश्यक प्रबंध किए जाएं। भीड़ नियंत्रण और यातायात व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने में असुविधा न हो। अभ्यर्थियों की संख्या को देखते हुए अतिरिक्त बसों और ट्रेनों के संचालन की व्यवस्था की जाए। बैठक में बताया गया कि परीक्षा की तैयारियों के संबंध में आयोग स्तर पर डीजी रेलवे और उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के अधिकारियों के साथ समन्वय बैठक की जा चुकी है। परीक्षा की तिथियों में सभी केंद्रों पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने परीक्षा सामग्री और गोपनीय अभिलेखों की सुरक्षा के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों के आसपास, रेलवे स्टेशनों, बस अड्डों और टेंपो स्टैंड पर स्वच्छता के लिए विशेष टीमें तैनात की जाएं। अभ्यर्थियों को खान-पान की वस्तुएं निर्धारित दरों पर ही उपलब्ध हों और उनसे किसी प्रकार की अधिक वसूली न की जाए। मुख्यमंत्री ने सर्वाधिक परीक्षार्थियों वाले जनपदों के जिलाधिकारियों से परीक्षा की तैयारियों की जानकारी ली और निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाओं की सतत निगरानी की जाए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी पूरी जिम्मेदारी और सतर्कता के साथ कार्य करें, जिससे पीईटी-2026 का आयोजन सुरक्षित, शांतिपूर्ण, पारदर्शी और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो।

प्रधानमंत्री मोदी के आगमन और एयर शो के मद्देनजर मुख्यमंत्री ने तैयारियों की समीक्षा की

लखनऊ/वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार की शाम दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचे। उन्होंने सर्किट हाउस सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर रविवार को आयोजित होने वाले एयर शो की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने आम लोगों की गंगा घाटों तक पहुंच आसान बनाए रखने पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिया कि अनावश्यक बैरिकेडिंग न की जाए। भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए सुरक्षा के साथ-साथ लोगों की सुविधा का भी पूरा ध्यान रखा जाए। मुख्यमंत्री ने शहर के सभी प्रमुख मार्गों और कार्यक्रम स्थलों पर साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी गंगा घाटों पर अतिरिक्त सफाई, पर्याप्त शौचालय और पीने के पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि दर्शकों को किसी तरह की असुविधा न हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन और एयर शो के मद्देनजर मुख्यमंत्री ने गंगा घाटों समेत सभी प्रमुख स्थलों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए। उन्होंने वाहनों की पार्किंग के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध कराने, रूट डायवर्जन की प्रभावी व्यवस्था करने और यातायात सुचारु बनाए रखने पर जोर दिया। साथ ही, अधिकारियों को निर्देशित किया कि भीड़ को नियंत्रित करने के दौरान आम लोगों की आवाजाही और घाटों तक पहुंच में अनावश्यक बाधा न आने पाए। बैठक में जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार और पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से मुख्यमंत्री को जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की तैयारियों की जानकारी दी। प्रस्तुतीकरण के आधार पर मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने मुख्यमंत्री को बताया कि घाटों पर सिल्ट की सफाई, 200 मोबाइल टॉयलेट और 280 वाटर टैंकरों की व्यवस्था की गई है। घाटों और प्रमुख मार्गों पर दो हजार डस्टबिन रखे जाएंगे।

सांसद अफजाल अंसारी की तबीयत बिगड़ी

लखनऊ। गाजीपुर से सपा सांसद अफ्जाल अंसारी की तबीयत बिगड़ गई। शुक्रवार शाम उन्हें उल्टियां होने लगीं। हालत बिगड़ने पर परिजन नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से डॉक्टरों ने लखनऊ रेफर कर दिया। इसके बाद उन्हें गाजीपुर से एंबुलेंस से लाकर लखनऊ मेदांता में गैस्ट्रो विभाग में भर्ती कराया गया है। हॉस्पिटल ने शनिवार को हेल्थ बुलेटिन जारी कर बताया अफ्जाल अंसारी को पेट में तेज दर्द के बाद यहां लाया गया। जांच में पता चला कि उनके पैंक्रियास (अग्न्याशय) में सूजन है। उन्हें हल्का पीलिया भी है। फिलहाल उन्हें आईसीयू में रखा गया है। डॉ. अभय वर्मा और डॉ. दिलीप दुबे की टीम उनकी देखभाल में लगी हैं। इससे पहले परिजनों ने बताया कि अफ्जाल लंबे समय से लिवर की बीमारी से जूझ रहे हैं। शुक्रवार सुबह गले में खराश, सर्दी की समस्या थी। इस बीच, घी और गुड़ का घरेलू नुस्खा अपना लिया। अचानक उल्टियां होने लगीं। तेज बुखार आ गया। पेट के ऊपरी हिस्से और सीने के नीचे तेज दर्द होने लगा। अफ्जाल की तबीयत बिगड़ने की जानकारी सबसे पहले मुख्तार अंसारी के बेटे और विधायक अब्बास अंसारी ने दी। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा-बड़े अब्बा की सेहत खराब हो गई है। लखनऊ में इलाज चल रहा है। आप सभी से दुआओं की गुजारिश है।ष् गाजीपुर से सपा विधायक और सांसद के भतीजे सुहैब अंसारी उन्हें लेकर लखनऊ पहुंचे। गाजीपुर के मुहम्मदाबाद के रहने वाले अफ्जाल अंसारी 3 बार के सांसद हैं। 5 बार विधायक रह चुके हैं।

शहरी विकास का लक्ष्य केवल बुनियादी ढांचे का विस्तार नही- शर्मा

लखनऊ । नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में नेशनल अर्बन कॉन्क्लेव-2026 में सहभागिता करते हुए आधुनिक, स्मार्ट एवं नागरिक-केंद्रित शहरों के निर्माण के लिए भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप नीतियां तैयार करने और शहरी विकास की व्यवस्थाओं को अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया। 24 एवं 25 अक्टूबर को आयोजित इस राष्ट्रीय सम्मेलन का मुख्य विषय ' अर्बन राइजिंग ¬ री थिंकिंग अर्बन सिस्टम सलूशन एंड डिलीवरी' है। सम्मेलन में देश में तेजी से बढ़ते शहरीकरण की चुनौतियों, आधुनिक शहरी अवसंरचना, बेहतर नगर प्रबंधन और नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण शहरी सेवाएं उपलब्ध कराने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया जा रहा है। श्री शर्मा ने कॉन्क्लेव में शहरी विकास से जुड़े नीति-निर्माताओं, विशेषज्ञों एवं संबंधित संस्थाओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे बदलती शहरी परिस्थितियों और नागरिकों की बढ़ती अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए दूरदर्शी नीतियों एवं व्यावहारिक समाधानों पर कार्य करें। भविष्य के शहरों को अधिक व्यवस्थित, आधुनिक और सुविधायुक्त बनाने के लिए तकनीक आधारित व्यवस्थाओं, बेहतर शहरी नियोजन, सुदृढ़ आधारभूत संरचना तथा प्रभावी सेवा वितरण को प्राथमिकता देना आवश्यक है। शहरी विकास का वास्तविक उद्देश्य केवल सड़कों, भवनों और अन्य आधारभूत सुविधाओं का विस्तार करना नहीं है, बल्कि नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराना भी है। शहरों की विकास योजनाएं ऐसी होनी चाहिए, जो वर्तमान आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ-साथ भविष्य की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हों। नगर निकायों की कार्यप्रणाली को अधिक जवाबदेह, पारदर्शी परिणामोन्मुख बनाना जरूरी है। उन्होंने शहरी सेवाओं की गुणवत्ता और प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीक, नवाचार और बेहतर प्रबंधन प्रणालियों को अपनाने पर बल दिया। साथ ही, केंद्र एवं राज्य सरकारों, शहरी निकायों और विशेषज्ञ संस्थाओं के बीच बेहतर समन्वय को शहरी विकास के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि विभिन्न राज्यों के अनुभवों और सफल कार्यप्रणालियों से सीख लेकर शहरी विकास की योजनाओं को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है।

लोकतंत्र में प्रत्येक पात्र मतदाता की भागीदारी महत्वपूर्णः अनिल यादव

लखनऊ। मतदाता सूची में नए नाम जुड़वाने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जागरूकता बेहद जरूरी है। लेकिन जब आम जनता अपने मतदाता अधिकारों के प्रति उदासीन दिखाई दे और संबंधित विभागों की ओर से भी पर्याप्त प्रचार-प्रसार नजर न आए, तो यह स्थिति लोकतंत्र की मजबूती के लिए चिंता का विषय बन जाती है। इसी मुद्दे को लेकर पूर्व सदस्य राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अनिल यादव ने मतदाता जागरूकता अभियान को और प्रभावी बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। अनिल यादव ने कहा कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाना केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि प्रत्येक पात्र नागरिक के लोकतांत्रिक अधिकार से जुड़ा महत्वपूर्ण कार्य है। इसके बावजूद बड़ी संख्या में लोग मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के प्रति गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। लोगों में जागरूकता की कमी के साथ-साथ निर्वाचन आयोग की ओर से व्यापक प्रचार-प्रसार का अभाव भी एक महत्वपूर्ण सवाल है, जिस पर गंभीरता से ध्यान दिया जाना चाहिए।

चित्रकला और रील मेकिंग प्रतियोगिताओं में देशभर के लोग दिखा सकेंगे हुनर

रंगों और रील्स के जरिए दुनिया देखेगी नई अयोध्या की भव्य तस्वीर-जयवीर

लखनऊ। योगी सरकार दीपोत्सव2026 में अयोध्या की सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक वैभव और बदलते स्वरूप को रंगों व रचनात्मकता के जरिए दुनिया के सामने लाने की तैयारी कर रही है। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की ओर से चित्रकला और रील मेकिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इनके माध्यम से देशभर के कला प्रेमी और रचनात्मक प्रतिभाएं रामनगरी की परंपराओं, प्रमुख स्थलों, विकास कार्यों और दीपोत्सव की भव्यता को अपने अंदाज में प्रस्तुत कर सकेंगे। दोनों प्रतियोगिताओं में सभी आयु वर्ग के लोग हिस्सा ले सकते हैं। प्रविष्टियां जमा करने की अंतिम तिथि दो नवंबर निर्धारित की गई है। विजेताओं को दीपोत्सव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में सम्मानित किया जाएगा।पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या भारत की आस्था, संस्कृति और गौरवशाली विरासत के प्रतीक रूप में स्थापित हुआ है। दीपोत्सव-2026 के अंतर्गत चित्रकला और रील मेकिंग प्रतियोगिता युवाओं व रचनात्मक प्रतिभाओं को अयोध्या के बदलते

दीपोत्सव, दुनिया देखेगी नव्य अयोध्या

स्वरूप, विकास की गाथा और सनातन संस्कृति की भव्यता को दुनिया के सामने प्रस्तुत करने का सशक्त मंच प्रदान करेगी। हमारा उद्देश्य है कि आधुनिक तकनीक और रचनात्मकता के माध्यम से रामनगरी की सांस्कृतिक विरासत और विकास यात्रा जन-जन तक पहुंचे तथा वैश्विक पटल पर इसकी पहचान और अधिक सुदृढ़ हो।चित्रकला प्रतियोगिता की थीम श्कला के माध्यम से अयोध्या का उत्सवश् रखी गई है। इसमें प्रतिभागियों को जलरंग माध्यम से मौलिक पेंटिंग तैयार करनी होगी। कलाकृति में अयोध्या की विरासत, सांस्कृतिक परंपराओं, ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों, विकास की नई तस्वीर या दीपोत्सव की भव्यता को दर्शाया जा सकता है। चित्र स्वयं तैयार किया गया हो और सार्वजनिक प्रदर्शन के अनुकूल होना चाहिए।पहले से प्रकाशित, नकल अथवा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से तैयार कलाकृतियां स्वीकार नहीं की जाएंगी। रील मेकिंग प्रतियोगिता की थीम श्नए रूप में अयोध्याश् है। इसमें प्रतिभागियों को 30 से 60 सेकंड की मौलिक रील बनानी होगी। वीडियो में अयोध्या के विकास, उसकी प्राचीन सांस्कृतिक विरासत और दीपोत्सव-2026 के भव्य आयोजनों की झलक होनी चाहिए। रील आकर्षक, स्पष्ट और सार्वजनिक प्रदर्शन के योग्य होना अनिवार्य होगा।प्रतिभागियों को वीडियो में इस्तेमाल होने वाले संगीत, दृश्यों सहित अन्य रचनात्मक सामग्री के लिए कॉपीराइट मुक्त संसाधनों का उपयोग करना होगा। दूसरे की सामग्री की नकल, बिना अनुमति कॉपीराइट सामग्री का इस्तेमाल और भ्रामक, आपत्तिजनक या विषय से हटकर प्रस्तुतियां स्वीकार नहीं की जाएंगी। एआई से तैयार सामग्री का अत्यधिक इस्तेमाल करने वाली प्रविष्टियां भी मान्य नहीं होंगी।

आजमगढ़ मतदाता सूची मामले में कम्प्यूटर सहायक एवं 5 बूथ लेवल अधिकारी हटाये गये

लखनऊ,(आज समाचार सेवा)। समाजवादी पार्टी द्वारा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र ३४७ आजमगढ़ की मतदाता सूची में विकास यादव नामक व्यक्ति का नाम १० बार अंकित होने के आरोप के संबंध में निर्वाचन अयोग द्वारा करायी गयी जांच पूर्ण हो गयी है और इस प्रकरण में दोषी पाये गए कम्प्यूटर सहायक एवं पांच बूथ लेवल अधिकारियों को मतदाता सूची के कार्य से तत्काल हटाने के निर्देश दिये गये। कम्प्यूटर सहायक एवं पांच बूथ लेवल अधिकारियों को सेवा समाप्त किये जाने के सम्बंध में नोटिस दिया गया है। दोषी कर्मचारियों एवं अधिकारियों के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम १९५० की धारा-३२ के अन्तर्गत कार्रवाई किये जाने के निर्देश दिये गये हैं जिम्मेवार तत्कालीन निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा 02 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही प्रारम्भ करने के निर्देश दिये हैं प्राप्त जांच आख्या के अनुसार समान नामएसमान वल्दियत का एक मतदाता गोरखपुर जनपद के विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र चौरीचौरा से सम्बन्धित है, जो अन्य १३ प्रविष्टियों से भिन्न है। विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र ३४७ आजमगढ़ की मतदाता सूची में आरोप में उल्लिखित मतदाता विकास यादव का हिन्दी में नाम १३ बार अंकित होना पाया गया।

515 विद्यालयों के दो लाख विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य- खरे

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार स्कूली शिक्षा को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रखकर विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर, व्यावहारिक और रोजगारोन्मुखी बनाने के लिए निरंतर अभिनव पहल कर रही है। इसी क्रम में प्रदेश के स्कूली विद्यार्थी अब नियमित पढ़ाई और तकनीकी हुनर सीखने के साथ-साथ पैसों का सही प्रबंधन करने तथा भविष्य में अपना उद्यम स्वरोजगार शुरू करने की बुनियादी समझ विकसित करेंगे। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन की महत्वाकांक्षी श्प्रोजेक्ट प्रवीणश् योजना के तहत छात्र-छात्राओं को वित्तीय साक्षरता और उद्यमिता विकास का प्रशिक्षण देने के लिए दो नए विशेष मॉड्यूल शामिल किए गए हैं। मिशन निदेशक पुलकित खरे के कुशल निर्देशन में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफइंडिया लिमिटेड और केंद्रीय उद्यमिता मंत्रालय के अधीन कार्यरत नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर एंटरप्रेन्योरशिप एंड स्मॉल बिजनेस डेवलपमेंट के साथ समझौता ज्ञापन एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत एनएसई द्वारा वित्तीय कौशल तथा निस्बड द्वारा उद्यमिता विकास का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। दोनों मॉड्यूल दो-दो घंटे के हैं और इन्हें 24 अक्टूबर से प्रदेश भर में प्रभावी रूप से लागू कर दिया गया है। इसका ध्येय विद्यार्थियों में कम उम्र से ही आर्थिक जागरूकता पैदा करना और उनके तकनीकी कौशल को स्वरोजगार से जोड़ना है।मिशन निदेशक पुलकित खरे ने जानकारी देते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ने श्प्रोजेक्ट प्रवीणश् के अंतर्गत प्रदेश के 515 विद्यालयों के लगभग दो लाख छात्र-छात्राओं को कौशल विकास प्रशिक्षण देने का वृहद लक्ष्य निर्धारित किया है। निस्बड का दो घंटे का उद्यमिता विकास मॉड्यूल के माध्यम से छात्र-छात्राओं में नए कारोबारी विचारों को पहचानने और उन्हें बाजार के अवसरों में बदलने की उद्यमी सोच विकसित करेगा। योगी सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की मंशा के अनुरूप व्यावसायिक शिक्षा को माध्यमिक शिक्षा के साथ पूरी मजबूती से एकीकृत कर रही है। प्रोजेक्ट प्रवीण के तहत विद्यार्थियों को पहले से ही 180 घंटे का तकनीकी ट्रेड प्रशिक्षण, 30 घंटे का सॉफ्ट स्किल्स प्रशिक्षण तथा 4 घंटे का एआई एवं डिजिटल कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अब इसमें 2 घंटे का वित्तीय कौशल और 2 घंटे का उद्यमिता विकास मॉड्यूल जुड़ जाने से विद्यार्थियों को 360-डिग्री संपूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त होगा।

पीईटी परीक्षा के लिये लखनऊ में कड़े सुरक्षा इंतजाम

लखनऊ। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2026 को सकुशल कराने के लिये लखनऊ पुलिस ने व्यापक तैयारी की है। परीक्षा 25 अक्टूबर, 30 अक्टूबर और 1 नवंबर को दो पालियों में सुबह 10 से 12 और दोपहर 3 से 5 बजे तक होगी। इस बार लखनऊ में कुल 1 लाख 14 हजार 912 अभ्यर्थी 45 केंद्रों पर परीक्षा देंगे। पुलिस कमिश्नरेट ने शांतिपूर्ण परीक्षा के लिये 317 पुलिसकर्मियों की तैनाती की है, जिसमें 45 सब-इंस्पेक्टर, 90 सिपाही, 90 महिला सिपाही और गोपनीय सामग्री की सुरक्षा में 92 सशस्त्र जवान शामिल हैं। हर परीक्षा केंद्र पर एक दरोगा, दो सिपाही और दो महिला सिपाही तैनात रहेंगे। केंद्र पर मोबाइल, स्मार्ट वॉच और अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे। केंद्र के 200 मीटर के दायरे में साइबर कैफे, फोटो कॉपी और पीसीओ की दुकानें बंद रहेंगी। लाउडस्पीकर के इस्तेमाल पर भी रोक रहेगी। यातायात व्यवस्था के लिये रेलवे स्टेशन, बस अड्डा, मेट्रो और टैक्सी स्टैंड पर अतिरिक्त पुलिस लगाई जाएगी। सोशल मीडिया पर अफवाहों को रोकने के लिये सोशल मीडिया सेल चौबीस घंटे निगरानी करेगा। पुलिस ने अभ्यर्थियों से समय से केंद्र पहुंचने और किसी भी भ्रामक सूचना पर ध्यान न देने की अपील की है।

रामपुर खास के साथ मेरा राजनीतिक नहीं, बल्कि आत्मीय संबंध-आराधना मिश्रा

लखनऊ। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि प्रतापगढ़ और विशेष रूप से रामपुर खास के साथ मेरा राजनीतिक नहीं,

2027 में यूपी में बनेगी इंडिया गठबन्धन सरकार

बल्कि आत्मीय संबंध है। मेरे परिवार ने इस क्षेत्र के विकास और जनता की सेवा के लिए अपना जीवन समर्पित किया है। मैं अपनी अंतिम सांस तक इस क्षेत्र के विकास और जनता के सम्मान के लिए आजीवन समर्पित रहूंगी। ये जमीन हमारे खून पसीने से सिंचित है और हमेशा हमारा खून पसीना जनता के लिए समर्पित है उन्होंने कहा कि 2027 में उत्तर प्रदेश में सरकार कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के नेतृत्व में बनने जा रही है हम सब मिलकर नफरत को मिटा देंगे। यह



बातें उन्होने शनिवार को अपने गृह जनपद प्रतापगढ़ एवं विधानसभा क्षेत्र रामपुर खास पहुंचने पर व्यक्त कीं। लखनऊ से प्रतापगढ़ तक विभिन्न स्थानों पर उनका स्वागत हुआ। जगह-जगह मोटरसाइकिल रैलियों, कार जुलूसों, पुष्पवर्षा और माल्यार्पण के माध्यम से उनका अभिनंदन किया गया। महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों में भारी उत्साह दिखा। इस दौरान राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी को लेकर भी कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह जुनून देखने को मिला। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती आराधना मिश्रा सुबह नौ बजे लखनऊ से रवाना हुयीं। लालगंज में जनसभा को सम्बोधित करते हुये राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि 1980 में इन्दिरा गाँधी ने मुझे इसी लालगंज के चौक पर जनसभा कर समर्थन दिया था और जनता की सेवा का विश्वास लिया था जिस व्रत को हमारा पूरा परिवार आज भी निभा रहा है।

सचिन यादव बने यूपी कांग्रेस के वॉर रूम के अध्यक्ष


लखनऊ। यूपी विधानसभा के लिए कांग्रेस ने मध्य प्रदेश की कसरावद सीट से विधायक सचिन यादव को यूपी कांग्रेस के वॉर रूम का अध्यक्ष बनाया है। इस सम्बन्ध में कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने आदेश जारी कर दिया है। बताते चलें कि सचिन यादव तीसरी बार के विधायक हैं और मध्य प्रदेश में कांग्रेस सरकार में मंत्री रह चुके हैं।

आगरा शिक्षक स्नातक के तीन बूथों पर फिर होगा चुनाव

लखनऊ,(आज समाचार सेवा)। उत्तर प्रदेश विधान परिषद चुनाव के बाद आगरा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के तीन मतदान स्थलों पर दोबारा वोटिंग होगी। आयोग ने २६ अक्टूबर को सुबह ८ बजे से शाम ४ बजे तक फिर से मतदान कराने का आदेश दिया है। इस संबंध में रिटर्निंग ऑफिसर ने पुनर्मतदान कराने को लेकर भारत निर्वाचन आयोग को पत्र भेजा है। रिटर्निंग ऑफिसर के लेटर पर निर्वाचन आयोग ने यूपी एमएलसी चुनाव के तहत आगरा मंडल शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केंद्रों २०, २१ और २६ पर २३ अक्टूबर को हुए मतदान को रद्द कर दिया। चुनाव आयोग ने २६ अक्टूबर को सुबह ८ बजे से शाम ४ बजे तक फिर से मतदान कराने का आदेश दिया है। विदित हो कि आगरा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के तीन मतदेय स्थलों पर मतदान के दौरान गड़बड़ी पाई गई थी। इनमें मतदान स्थल संख्या २०, तहसील कैंपस खेवरागढ़ कक्ष संख्या एकए मतदान स्थल संख्या २१ क्षेत्र पंचायत कार्यालय सैंया कक्ष संख्या एक और मतदान स्थल संख्या २६ शामिल है। इसके अलावा क्षेत्र पंचायत कार्यालय फतेहाबाद कक्ष संख्या एक पर गड़बड़ी पाई गई थी। इन मतदेय स्थलों पर दोबारा वोटिंग कराने के लिए निर्वाचन आयोग को प्रस्ताव भेजा गया था जिसके स्वीकार कर लिया गया है। आयोग ने अफसरों को निर्देश दिया है कि जिन लोगों की वजह से मतदान में गड़बड़ी हुई है, उन्हें दोबारा मतदान प्रक्रिया में तैनात न किया जाए। मतदाताओं की दाहिने हाथ की तर्जनी उंगली पर अमिट स्याही लगाई जाएगी।

जितना पोस्टर लग रहे,उतना ही एकजुट हो रहा पीडीए:अखिलेश

लखनऊ । समाजवादी पार्टी के



राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि हमारा सवाल ये नहीं है कि ऐसे आपत्तिजनक पोस्टर लगा कौन रहा है, हमारा सवाल ये है कि 'लगवा कौन रहा है?' उन्होंने कहा कि वैसे इस सवाल का जवाब हमारे पास तो है ही लेकिन हम इन पोस्टरों के पीछे के मुख्य 'धनदाता' का नाम सरकार से सुनना चाहते हैं। जाती हुई सरकार क्या इतनी कमजोर हो गई है कि ऐसे पोस्टर सरेआम लग रहे हैं लेकिन न तो पुलिस को दिखाई दे रहे हैं न स्थानीय प्रशासन को। भाजपा सरकार अपने प्रशासन का मोतियाबिंद का ऑपरेशन करवाये।वैसे जितने अधिक इस प्रकार के पोस्टर लग रहे हैं उतना ही पीडीए समाज एकजुट हो रहा है। हो सके तो उत्तर प्रदेश के हर मुख्य चौराहों पर ऐसे पोस्टर अधिक से अधिक लगवाएं। आपका स्वागत है। अग्रिम धन्यवाद! अखिलेश यादव ने कहा कि पीडीए समाज के मान को पहुंचेगी जितनी ठेस, उतना ही पीडीए समाज होगा संगठित और एक।

आकाश अग्रवाल के आँसू देखकर बेहद आहत

लखनऊ । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश व देश-दुनिया का संपूर्ण 'अग्रवाल समाज' विधान परिषद सदस्य डॉ. आकाश अग्रवाल के आँसू देखकर बेहद आहत है। शिक्षक/स्नातक एमएलसी चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी डॉ. आकाश अग्रवाल को हराने के लिए भाजपाइयों, उनके संगी-साथियों व अधिकारियों ने मिलकर चुनावी घपलों की सारी हदें पार कर दीं, जिससे प्रताड़ित, दुखी व अपमानित होकर डॉ. आकाश अग्रवाल एक ऐसा फैसला लेने की घोषणा कर रहे हैं, जिससे उनकी तरह संपूर्ण 'अग्रवाल समाज' भी व्यथित हो गया है। अखिलेश यादव ने कहा कि समय आने पर हम डॉ. आकाश अग्रवाल को सम्मान और स्थान देकर संपूर्ण 'अग्रवाल समाज' के मान-सम्मान की पुर्नस्थापना करेंगे। चुनाव के लूटेरे दगाबाज भाजपाइयों और उनके संगी-साथियों की भ्रष्ट सत्ता अब और नहीं चलेगी। जनता अब इनकी जड़ में मट्ठा डाल देगी। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा किसी की सगी नहीं है। हम डॉ. आकाश अग्रवाल और संपूर्ण अग्रवाल समाज के साथ हैं।

राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति का पाठ

लखनऊ। मिशन शक्ति के छठवें चरण के तहत शनिवार को विकासनगर पुलिस ने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें छात्राओं को महिला सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में अपर पुलिस उपायुक्त पूर्वी डॉ. अमोल मुरकुट ने छात्राओं से संवाद किया। उन्होंने कहा कि किसी भी विषम परिस्थिति में डरें नहीं, बल्कि साहस से काम लें और तुरंत पुलिस की मदद लें। टीम ने छात्राओं को गुड टच-बैड टच का फर्क, साइबर सुरक्षा और सोशल मीडिया पर बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया। पुलिस टीम ने छात्राओं को अहम हेल्पलाइन नंबर भी नोट कराए - महिला हेल्पलाइन 1090, आपात सेवा 112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और साइबर हेल्पलाइन 1930। साथ ही सरकार की विभिन्न महिला कल्याण योजनाओं की जानकारी दी गई।

हर पात्र नागरिक का दर्ज होगा मतदाता सूची में नाम-रिणवा

लखनऊ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि



विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची में छूटे हुए पात्र नागरिकों तथा पहली बार बनने वाले युवाओं के नाम सम्मिलित करने के उद्देश्य से 24 अक्टूबर को प्रदेश के मतदेय स्थलों पर मतदाता पंजीकरण हेतु विशेष अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान के अंतर्गत पात्र नागरिकों विशेषकर महिलाओं तथा युवाओं के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करने के लिए फॉर्म-6 भरवाए गए।इस अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन एवं पारदर्शिता के उद्देश्य से मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा स्वयं विधानसभा क्षेत्र 173 लखनऊ पूर्व के मॉडर्न एकेडमी विरामखंड एवं सेंट जॉन वास्को विवेकखंड, गोमती नगर तथा विधानसभा क्षेत्र 169-बक्शी का तालाब के दिल्ली पब्लिक स्कूल, गोमतीनगर विस्तार मतदेय स्थल का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का पर्यवेक्षण किया गया। जनपदों में जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा भी विभिन्न मतदेय स्थलों का स्थलीय भ्रमण कर पर्यवेक्षण किया गया।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आयोग की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित करना लोकतंत्र की मजबूती के लिए अत्यंत आवश्यक है। आयोग इस दिशा में निरंतर सक्रिय प्रयास कर रहा

मुख्य निर्वाचन अधिकारी सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने बूथों का किया पर्यवेक्षण

पर्यवेक्षण के दौरान बूथ पर उपस्थित बूथ लेवल अधिकारी एवं आये हुए नागरिकों से संवाद भी किया गया। बूथ लेवल अधिकारी द्वारा किए जा रहे कार्यों की गुणवत्ता का आकलन किया गया। बीएलओ मतदाता सूची एवं पूरक सूची तथा पर्याप्त मात्रा में फार्म-6 के साथ निर्धारित समय पर बूथों पर उपस्थित रहें। मतदेय स्थल पर आ रहे पात्र नागरिकों, जिनका नाम किन्ही कारणों से सूची में अभी तक शामिल नहीं हो सका है, उनका फार्म-6 भरवा कर आवेदन कराया जाए।उन्होंने बताया कि विशेष अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाना है, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रह जाए। भारत निर्वाचन है। मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेंट और सामाजिक संगठनों का भी सहयोग इस कार्य में आवश्यक है।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश के सभी पात्र नागरिक अपना और परिवार के सदस्यों का नाम अपने संबंधित बूथ की मतदाता सूची में अवश्य जांचें। यदि नाम सम्मिलित न हो तो फार्म-6 भरकर अपने बीएलओ को जमा करें। फार्म-6 भरने हेतु पात्र नागरिकों को नवीनतम पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो के साथ जन्म एवं निवास संबंधी आवश्यक अभिलेखों की स्व-प्रमाणित छायाप्रतियां तथा परिवार के किसी सदस्य का मतदाता फोटो पहचान पत्र की संख्या की आवश्यकता होती है।